Dainik Jagran
Sunday 1 June, 2014

राजारहाट परियोजना के लिए सिंक्लेयर को मंजूरी

जागरण संवाददाता, कोलकाता : सिंक्लेयर होटल्स लिमिटेड को अपनी राजारहाट न्यूटाउन परियोजना के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है। यहां 114 कमरे का होटल निर्मित किया जाएगा। वहीं कलिम्पोंग में इस वर्ष की दूसरे तिमाही में सिंक्लेयर अपना रिजार्ट व 48 कमरे वाला होटल शुरू करने जा रही है।

बर्द्धमान में टूरिस्ट रिजार्ट की परियोजना अंतिम दौर में है। इससे पहले सिंक्लेयर होटल्स ने 31 मार्च, 2014 को समाप्त तिमाही में 225.30 मिलियन का राजस्व अर्जित किया है जबकि गत वर्ष यह 195.94 मिलियन था। सकल परिचालन लाभ 61.50 मिलियन रहा। गत वित्त वर्ष में यह 40.71 मिलियन था। वित्तीय नतीजों से खुश बोर्ड ने 40 फीसद लाभांश देने की घोषणा की है। सिंक्लेयर के एमडी व सीईओ नवीन सूचंती ने कहा कि सिंक्लेयर की विकास में वृद्धि का नतीजा है कि ऐसा वित्तीय प्रदर्शन रहा। द जेंडर ग्रुप के मैनेजिंग पार्टनर सिड योग ने कहा कि सिंक्लेयर होटल्स के साथ प्रगति का दौर जारी रहेगा।